**नवजात शिशु की जांच**
आपके शिशु की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

# नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच



## ऑडियोलॉजिस्ट को निर्दिष्ट करना

Hindi

## नवजात शिशु की श्रवण-शक्ति की जांच – ऑडियोलॉजिस्ट को निर्दिष्ट करना

आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की जांच यह दर्शाती है कि अतिरिक्त जांच की आवश्यकता है। आपको श्रवण शक्ति विशेषज्ञ (ऑडियोलॉजिस्ट) के पास निर्देशित किया जायेगा, जो कुछ और जांच करेगा और आगे के लिये परामर्श देगा।



## मेरे बच्चे के लिए अन्य जांच की आवश्यकता क्यों क्यों है?

कुछ बच्चों को अन्य जांचों की आवश्यकता होती है, क्योंकि पहले की जांच में एक या दोनों कानों में पर्याप्त प्रतिक्रिया नहीं देखी जा सकी थी। इसके निम्न कारण हो सकते हैं:

- आपका बच्चा अस्थिर था
- टेस्टिंग रूम (जांच के कमरे) में काफी शोर-शराबा था
- उस दिन, आपके बच्चे के कान के भीतरी हिस्से में तरल पदार्थ मौजूद था
- आपके बच्चे को श्रवण शक्ति का ह्रास हो सकता है।

ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की भली-भांति जांच की जायेगी और परिणामों के बारे में आपसे चर्चा की जायेगी।

**यह महत्वपूर्ण है कि आप उस अप्वाइंटमेंट पर जरूर जायें। अपने बच्चे की श्रवण शक्ति के बारे में आश्वस्त होने का यह सर्वोत्तम तरीका है।**


## ऑडियोलॉजिस्ट क्या करेगा?

ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा कई डायग्नॉस्टिक टैस्ट्स (निदान जांच) किये जायेंगे जैसे-ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पांस (एबीआर)। यह पहले के स्क्रीनिंग टैस्ट की तरह ही होता है लेकिन इसमें अधिक समय लगता है। आपके बच्चे के सिर पर छोटे-छोटे सैंसर रखे जाते हैं और विशेष तरह के ईयरफोन्स में श्रृंखलाबद्ध सॉफ्ट ध्वनियां चलाई जायेंगी। निम्न, मध्यम और उच्च स्वर वाली ध्वनियों पर आपके बच्चे की प्रतिक्रियाएं जांची जाती हैं - जब अलग-अलग लोग बोलते हैं तो हमें इन स्वरों की संपूर्ण रेंज सुनाई देती है।




## मैं अपने बच्चे को ऑडियोलॉजी अप्वाइंटमेंट के लिए कैसे तैयार करूं?

जांच के दौरान आपका बच्चा सोया हुआ होना चाहिए। सबसे अच्छा यह है कि आप अप्वाइंटमेंट के समय से पहले पहुंच जायें, ताकि आप अपने बच्चे को स्तनपान करा के उसे सोने के लिए शांत कर दें। विजिट (मुलाकात) के दौरान अपने पास पर्याप्त समय रखें - आपको पूरी सुबह या पूरे दोपहर का समय देना पड़ सकता है। आप अपने साथ अपने पार्टनर या अपनी सहायता के लिए किसी अन्य व्यक्ति को साथ ले जा सकते हैं।




### यदि ऑडियोलॉजिस्ट कहता है कि मेरे बच्चे में श्रवण शक्ति के ह्रास का कोई भी संकेत नहीं दिख रहा, तो?

यदि आपका बच्चा ऑडियोलॉजिस्ट जांच में पास भी हो जाता है, तो श्रवण शक्ति का ह्रास बाद में भी हो सकता है। यदि जोखिम तत्व मौजूद हों, तो संभवत: आपको अपने बच्चे की श्रवण शक्ति की जांच फिर से कराने का परामर्श दिया जा सकता है। ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा आपको बताया जायेगा कि आपके बच्चे को फॉलो-अप अप्वाइंटमेंट की जरूरत है या नहीं।

### यदि ऑडियोलॉजिस्ट कहता है कि मेरे बच्चे को श्रवण शक्ति का ह्रास हुआ है, तो क्या होगा?

यदि टैस्ट से पता चलता है कि आपके बच्चे में श्रवण शक्ति का ह्रास है, तो ऑडियोलॉजिस्ट आपके परिवार के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में आपसे बात करेगा। एक साथ मिलकर, आप आगे की योजना बना सकते हैं। सबसे अच्छा है कि आप यथाशीघ्र प्लॉनिंग शुरू कर दें, ताकि आपके बच्चे में भाषा शिक्षण एवं सामाजिक कौशल के विकास में मदद मिल सके।

### क्या सहायता उपलब्ध है?

आपका ऑडियोलॉजिस्ट आपके और आपके बच्चे के लिए अन्य अप्वाइंटमेंट्स निर्धारित करेगा, ताकि आप अपने बच्चे की श्रवण शक्ति के बारे में अधिक जान सकें। आपका ऑडियोलॉजिस्ट आपको मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन एडवाइजर (शिक्षा मंत्रालय सलाहकार) के पास भेज सकता है। एडवाइजर्स को श्रवण शक्ति ह्रास वाले छोटे बच्चों व उनके परिवारों की सहायता करने हेतु प्रशिक्षण एवं अनुभव प्राप्त है।

*स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्रालय साथ मिलकर यूनिवर्सल न्यूबोर्न हियरिंग स्क्रीनिंग ऐंड अर्ली इंटरवेंशन प्रोग्राम का निरीक्षण एवं निगरानी करते हैं।*

## कौन-सी जानकारी संग्रह की जाती है और किस तरह से इसका उपयोग किया जाता है?

इस स्क्रीनिंग के तहत, आपके स्थानीय अस्पताल और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आपके और आपके बच्चे के बारे में प्रोग्राम के लिए आवश्यक जानकारी संग्रह की जाती है।

संग्रह की गई जानकारियों में नाम, बच्चे की जन्मतिथि, संपर्क ब्यौरा, जाति, डॉक्टर और अन्य देखभाल करने वाले, श्रवण शक्ति की जांच संबंधी सूचना एवं परिणाम शामिल होते हैं। इसका उपयोग निम्न के लिए किया जाता है:

- जानने के लिए कि बच्चे की स्क्रीनिंग की गई है
- फैमिली डॉक्टर और अन्य मैटर्निटी व हैल्थ केयरर को स्क्रीनिंग का परिमाण देने के लिए
- स्क्रीनिंग प्रोग्राम के निरीक्षण, मूल्यांकन एवं इसकी रिपोर्ट देने हेतु।

इस जानकारी को राष्ट्रव्यापी डेटा सिस्टम में रखा जाता है और इसे अन्य बाल स्वास्थ्य सूचना कार्यक्रमों और बी4 स्कूल चेक सहित वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा सर्विसेज के साथ साझा किया जा सकता है।

यदि आपके बच्चे में श्रवण शक्ति का ह्रास पाया जाता है, तो उसकी भाषा, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए यथाशीघ्र इसका पता लगाना बेहतर है। यह सूचना डेफनेस नोटिफिकेशन (बधिर चेतावनी) डेटाबेस को भी दी जाती है।

किसी भी प्रकाशित रिपोर्ट में आपकी या आपके बच्चे की पहचान नहीं होती है।

## अतिरिक्त जानकारी

यदि आपके मन में कोई और सवाल हो तो कृपया अपने लीड मैटर्निटी केयरर या हियरिंग स्क्रीनर को इस बारे में बताएं।

साझा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स के बारे में अधिक जानकारी http://ithealthboard.health.nz/our-programmes पर हासिल की जा सकती है।

## आपके अधिकार

हेल्थ ऐंड डिसैबिलिटी सर्विसिज कन्ज़्यूमर्स राइट्स की आचार संहिता आपके अधिकारों की रक्षा करती है। अधिक जानकारी हेतु, www.hdc.org.nz पर जाएं

हेल्थ इंफॉर्मेशन प्राइवेसी कोड आपके व्यक्तिगत ब्यौरे को सुरक्षित रखता है और आपको स्वयं के बारे में जानकारी एक्सेस करने व इसमें भूल सुधार करने की अनुमति देता है। अधिक जानकारी हेतु, www.privacy.org.nz देखें

वेल चाइल्ड तामारिकी ओरा चेक में अभिभावकों के लिए उनके बच्चे की श्रवण क्षमता, बोली और भाषा की प्रगति से जुड़े प्रश्न शामिल होते हैं। आपका बच्चा किस तरह से सुनता है या प्रतिक्रिया देता है, इस बारे में कोई भी चिंता होने पर, अपने वेल चाइल्ड नर्स, अर्ली चाइल्डहुड टीचर या अपने डॉक्टर से चर्चा करें।

*नवजात शिशु की श्रवण शक्ति जांच के लिए अधिक जानकारी हेतु, नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट पर जाएं:* ***www.nsu.govt.nz***

यह संसाधन निम्न वेबसाइट से डाउनलोड के लिए उपलब्ध है:
www.healthed.govt.nz

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

MINISTRY OF EDUCATION
Te Tāhuhu o te Mātauranga

Well Child Tamariki Ora

hpa health promotion agency

New Zealand Government

संशोधित जून 2015. Hindi. कोड **HE2494**